प्रेस समाचार

जनसंपर्क विभाग
अमेरिकी दूतावास

शांतिपथ, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली 110021 दूरभाष: 011-24198000 एक्सटेंशन: 8827 फैक्स: 011-24198817
ईमेल: mp1@pd.state.gov इंटरनेट वेबसाइट: http://usembassy.state.gov/delhi.html

2 अप्रैल, 2007

भारत, अमेरिका के बीच पर्यावरण समझौते का नवीनीकरण

नई दिल्ली -- अमेरिका और भारत ने पर्यावरण मुद्दों पर मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए आज एक सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर अमेरिकी इनवायरनमेंटल प्रोटेक्शन एजेंसी (ईपीए) के प्रशासक स्टीफन एल. जॉन्सन तथा भारत के पर्यावरण व वन मंत्री ए. राजा ने हस्ताक्षर किए।

ईपीए प्रशासक स्टीफन एल. जॉन्सन ने कहा, ''भारत और अमेरिका ने विश्व के अच्छे पड़ोसी बनने का संकल्प व्यक्त किया है। इस सहमति-पत्र के नवीनीकरण से दोनों देशों में पर्यावरण विकास की गति तीव्र होगी और भारत के साथ ईपीए का सहयोग मजबूत होगा।'' इसमें में चार बातों पर विशेष ध्यान दिया गया है- वायु गुणवत्ता, जल गुणवत्ता, विषैले रसायन तथा कचरा और पर्यावरण एजेंसियों का प्रबंधन।

आज का नवीकृत संकल्प पहले पांच सालों के दौरान समझौते की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के आधार पर लिया गया है। पूना नगर निगम और कैलिफोर्निया एयर रिसोर्सेज बोर्ड के साथ मिलकर शहर में एक व्यापाक वायु गुणवत्ता प्रबंधन योजना बनाई गई है, जिसे इस समय पूरे भारत में छह शहरों में दोहराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी डीज़ल बसों व ऑटो रिक्शॉ से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने के लिए प्रयोग की जाने वाली प्रौद्योगिकी की कार्यकुशलता को प्रदर्शित करने के लिए पूना व महाराष्ट्र राज्य के साथ कार्य कर रही है।

हैदराबाद में पर्यावरण संरक्षण एजेंसी पीने के पानी को संदूषित होने से बचाने एवं 2,00,000 के निवासियों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा हैदराबाद मैट्रोपॉलिटन वाटर सप्लाई व सीवेज बोर्ड के साथ कार्य कर रही है।

नवीकृत सहमति पत्र में मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण को बचाने तथा भारत में सतत विकास को प्रोत्साहित करने के लिए इन सफल योजनाओं का विस्तार करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।

***